Chapter - 13

Windows Media Player in Windows 8.1

मीडिया प्लयेर (Media player)

मल्टी-मीडिया फाइल को कंप्यूटर पर खोलने के लिए प्रयोग किये जाने वाले सॉफ्टवेयर या प्रोग्राम को “मीडिया प्लेयर” कहते है| जैसे, विंडोज मीडिया प्लेयर, VLC मीडिया प्लेयर इत्यादि |

मल्टीमीडिया (Multi Media)

मल्टीमीडिया उस सामग्री को कहेंगे जिसमें टेक्स्ट,ऑडियो, चित्र , एनीमेशन, वीडियो और इंटरेक्टिव सामग्री के रूप में विभिन्न सामग्री रूपों का संयोजन होता है|



विंडोज मीडिया प्लेयर (Windows Media Player)

विंडोज मीडिया प्लेयर एक डिजिटल मीडिया प्लेयर है ,जिसे माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा भिन्न –भिन्न प्रकार के ऑडियो और विडियो फाइल्स को चलाने के लिए बनाया गया है |अर्थात इसके प्रयोग से आप कंप्यूटर पर ऑडियो सुन सकते है व विडियो देख सकते है |



How to open Windows Media Player

Method I

- Window +R शार्टकट-की प्रेस करे
- जिससे रन डायलॉग बॉक्स ओपन होगा |
- इस डायलॉग बॉक्स में wmplayer.exe command लिखे इसके बाद इंटर प्रेस करे|



- जिससे Windows media player ओपन हो जाएगा |

Method II

- Windows Media Player को ओपन करने के लिए हम सर्च कमांड का प्रयोग करेगे |
- विंडोज़ पर सर्च बॉक्स लाने के लिए, Window key +S दोनों कीज को एक साथ दबाएगे |



- फिर सर्च बॉक्स में टाइप करेगे WMP |



- जिससे Windows media player ओपन हो जाएगा |